प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर प्रतिदिन की भांति जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित-

आज दिनांक 08.09.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

जनपदीय एसओजी व थाना कोतवाली महोबा की संयुक्त पुलिस टीम ने चोरी की घटना का किया सफल अनावरण, 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से 02 मोटर साइकिल सहित 05 मोबाइल बरामद -

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोंकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.09.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी टीम प्रभारी निरीक्षक श्री नन्हेलाल, सर्विलांस/साइबर सेल प्रभारी उ0नि0 श्री राहुल परमार व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महोबा श्री बलराम सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 शेरेआलम खां द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. कृष्ण कांत राजपूत पुत्र जोधा सिंह उम्र 19 वर्ष 2. शिवम राजपूत पुत्र राजू राजपूत उम्र 19 वर्ष को विंध्यवासिनी मन्दिर के पास से एक पारदर्शी डिब्बे में 05 अदद मोबाइल जिसमें 03 अदद मोबाइल फोन IMEI 1 866048047629995 IMEI 2 866048047629987 बिना सिंम व INFINIX रंग चमकीला नीला IMEI 1 353153640386546 , IMEI 2 353153640386553 व 01 अदद कीपैड मोबाइल नोकिया IMEI 357750104253322 रंग काला व 01 अदद मोटर साइकिल होण्डा शाइन रंग स्लेटी जिस पर नम्बर प्लेट नही है जिसका चेचिस न0 ME4JC36CBC8430347 व इंजन न0 JC36E2670578 सम्बन्धित मु0अ0स0 381/22 धारा 457/380 भादवि व एक अदद मोटर साइकिल क्रमशः TVS अपाचे RTR 160 न0 UP91S2112 रग सफेद चेचिस न0 MD634AE81M2K11877 व इंजन न0 AE8KM2406986 व जामातलाशी 02 अदद मोबाइल फोन बीबो रंग आसमानी IMEI 1 867547052295211,IMEI 2 867547052295203 बिना सिम कार्ड व NARZO रंग आसमानी IMEI 1 862875057939672 ,IMEI 2 862875057939664 बिना सिम कार्ड सहित गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. कृष्ण कांत राजपूत पुत्र जोधा सिंह उम्र 19 वर्ष नि0 कुलहैडा थाना मझगवाँ जनपद हमीरपुर
2. शिवम राजपूत पुत्र राजू राजपूत नि0 कुलहैडा उम्र 19 वर्ष थाना मझगवाँ जनपद हमीरपुर

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

विस्तृत विवरण-

मुखबिर खास से सूचना मिली कि दो व्यक्ति दो मोटर साइकिल के साथ रामकुण्ड रोड पर बिन्ध्यवासिनी मन्दिर से ठीक पहले सडक के किनारे खडे है । और किसी की प्रतिक्षा कर रहे है जिसमें एक मोटर साइकिल में न0 प्लेट न होने के कारण चोरी की प्रतीत हो रही है मुखबिर की सूचना पर बताये हुए रामकुण्ड रोड विंध्यवासिनी मन्दिर के पास पहुंचे जहां ठीक पहले 02 व्यक्ति दो मोटर साइकिल के साथ खडे दिखायी दिये जिनको पुलिस हिरासत में लिया गया तथा नाम पता पूछते हुए जामातलाशी ली गयी तो एक ने अपना नाम कृष्णकांत राजपूत उपरोक्त बताया व जिसके कब्जे से 03 अदद मोबाइल फोन उपरोक्त बरामद हुए जो मु0अ0स0 381/22 धारा 457/380 भादवि से सम्बन्धित है व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम शिवम राजपूत उपरोक्त बताया जिसकी जामातलाशी से 02 अदद मोबाइल फोन बरामद हुये कडाई से पूछताछ करने पर दोनो व्यक्तियो ने बताया कि साहब हम लोग और भूरा उर्फ हरीकिशन राजपूत पुत्र परमेश्वरीदयाल राजपूत नि0 कुलेहंडा थाना मझगवा जनपद हमीरपुर उम्र 19 वर्ष व सैफी मन्सूरी पुत्र सत्तार मन्सूरी नि0 पावर हाउस के पास कस्बा व थाना पनवाडी जनपद महोबा उम्र करीब 21 वर्ष ने मिलकर छतरपुर रोड रेलवे क्रासिंग के पास बने एक मकान से 30.08.2022 की रात मकान की बाउण्डरी के अंदर घुसकर हम चारो लोगो ने होण्डा साइन मो0सा0 उपरोक्त व इन्फिनिक्स का मोबाइल और आसमानी रंग का वीवो मोबाइल और नोकिया कीपैड मोबाइल उपरोक्त चोरी किया था व हम लोगो ने इसके सिम कार्ड निकालकर तोडकर फेंक दिया था अपाचे मो0सा0 शिवम की है। व मोबाइल के बारे में पूछने पर कृष्णकांत ने बताया कि नीले रंग का मोबाइल मेरा है व नार्जो मोबाइल शिवम का है। हम चारो लोग इसी अपाचे मो0सा0 से चोरी करने गये थे। बरामदा मो0सा0 हीरो होण्डा साइन उपरोक्त व वीवो मोबिल व आसमानी इन्फिनिक्स मोबाइल तथा नोकिया कीपैड जो मु0अ0स0 381/22 धारा 457/380 भादवि से सम्बन्धित है। अतः बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की जाती है। तथा गिरफ्तार अभियुक्तो के बताने पर **1.** भूरा उर्फ हरीकिशन राजपूत पुत्र परमेश्वरीदयाल राजपूत नि0 कुलेहंडा थाना मझगवा जनपद हमीरपुर उम्र 19 वर्ष 2. सैफी मन्सूरी पुत्र सत्तार मन्सूरी नि0 पावर हाउस के पास कस्बा व थाना पनवाडी जनपद महोबा उम्र करीब 21 वर्ष जो मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये है। अग्रिम विवेचना मु0अ0स0 381/22 धारा 457/380/411 भादवि में सम्पादित की जावेगी।

गिरफ्तार करने वाली एसओजी/सर्विलांश पुलिस टीम-

1. उ.नि. नन्हेलाल प्रभारी एसओजी टीम महोबा
2. उ.नि. राहुल सिंह परमार प्रभारी सर्विलांश/साइबर टीम महोबा
3. उ.नि. बृजेन्द्र सिंह एसओजी टीम महोबा
4. का0 धर्मेन्द्र सिंह एसओजी टीम महोबा
5. का. नरेन्द्र कुमार एसओजी टीम महोबा
6. का. अंशुल दुबे सर्विलांश/साइबर टीम महोबा

थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम-

1.उ0नि0 शेरेआलम खां चौकी प्रभारी मनियादेव कोतवाली महोबा
2.कां0 प्रवीण वर्मा थाना कोतवाली महोबा

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना अजनर पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन के क्रम में दिनांक 08.09.2022 को थानाध्यक्ष श्री लाखनसिंह द्वारा गठित की गयी टीम उ.नि. श्री राधेश्याम सिंह व कां.आसवेन्द्र सिंह द्वारा माननीय न्यायालय अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं. 2 विशेष न्यायाधीश **(SC/ST)** महोबा उ0प्र0 से सम्बन्धित वि0वाद संख्या 51/2018 अ0सं0 224/2017 धारा 325/323/504/506 भादवि 3(1)द, ध 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट के वारण्टी अभियुक्त पूरन पुत्र महीपत साहू उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा को ग्राम टिकरिया से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ.नि. श्री राधेश्याम सिंह थाना अजनर जिला महोबा।
2. कां.आसवेन्द्र सिंह थाना अजनर जिला महोबा।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. पूरन पुत्र महीपत साहू उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन के क्रम में दिनांक 08.09.2022 को थानाध्यक्ष श्रीनगर दिनेश तिवारी द्वारा गठित टीम उ0नि0 देवेन्द्र पाण्डेय मय टीम द्वारा मुखबिर खास सूचना पर 01 नफर वारण्टी अभियुक्त कैलाश पुत्र सूरज सिंह उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम लुहेड़ी थाना श्रीनगर महोबा केश न0 2185/20 व मु0अ0स0310/11 धारा 457/380 भादवि को ग्राम ननौरा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिसटीम-

1.उ0नि0 देवेन्द्र पाण्डेय थाना श्रीनगर जनपद महोबा
2. का0 सत्यदेव सिंह थाना श्रीनगर जनपद महोबा

गिरफ्तार अभियुक्त-

कैलाश पुत्र सूरज सिंह उम्र करीब 42 वर्ष नि0 ग्राम लुहेड़ी थाना श्रीनगर महोबा

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन के क्रम में दिनांक 08.09.2022 को प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 विनोद कुमार सिंह ने मय हमराही कर्मचारी गणों की मदद से मु0अ0सं0 200/2022 धारा 363/366/376 भा0द0वि0 व 6 पाक्सो एक्ट थाना कुलपहाड़ से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त पप्पू श्रीवास पुत्र सत्तूदीन उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम परा थाना राठ जनपद हमीरपुर को गोदी चौराहा आटो स्टैण्ड कुलपहाड़ से गिरफ्तार कर नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिये भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

पप्पू श्रीवास पुत्र सत्तूदीन उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम परा थाना राठ जनपद हमीरपुर

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 विनोद कुमार सिंह चौकी प्रभारी बेलाताल थाना कुलपहाड़ महोबा
2. कां0 प्रशांक यादव
3. कां0 जितेन्द्र कुमार बिन्द

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस सहित 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 08.09.2022 को प्रभारी निरीक्षक श्री शिवआसरे द्वारा गठित संयुक्तटीम व0उ0नि0 नरेशचन्द्र निगम, उ0नि0 दिनेशचन्द्र के द्वारा कस्बा पनवाड़ी देवगनपुरा मुहल्ले मे शराब ठेका के पास से 02 नफर अभियुक्त 1. दीपक राजपूत पुत्र कालीचरन राजपूत उम्र 18 वर्ष 2. सौरभ राजपूत पुत्र सत्यनारायण राजपूत उम्र करीब 19 वर्ष, को 01-01 अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस 315 के साथ गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में उ0नि0 रवि कुमार सिंह द्वारा अभि0 शैलेन्द्र पुत्र मुन्नालाल को नहर पुलिया ग्राम स्योढ़ी के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। उपरोक्त के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. क्रमशः 175/2022, 176/2022 तथा 177/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिसटीम-

1.व.उ.नि.श्री नरेशचन्द्र निगम 2. उ0नि0 दिनेशचन्द्र 3. हे0का0 प्रदीप कुमार 4. का. शिवसागर सिंह 5. का. अभिषेक कुमार यादव

द्वितीय टीम-

1. उ0नि0 श्री रवि कुमार सिंह 2. का0 राहुल कुमार

गिरफ्तार अभियुक्त-

दीपक राजपूत पुत्र कालीचरन राजपूत उम्र 18 वर्ष ग्राम शेरगढ़ थाना पनवाड़ी जिला महोबा 2. सौरभ राजपूत पुत्र सत्यनारायण राजपूत ग्राम खेड़ा शिलाजीत थाना जरिया जिला हमीरपुर 3. शैलेन्द्र पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम स्योढ़ी थाना पनवाड़ी जिला महोबा

बरामदगी- कुल 03 अवैध तमंचा/जिंदा कारतूस व 02 अदद खोखा नाजायज

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के तहत प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार द्वारा आयोजित की गयी "पुलिस की पाठशाला"

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार की अध्यक्षता में आज दिनांक 08.09.2022 को महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के तहत थाना चरखारी/महिला रिपोर्टिंग चौकी की एन्टी रोमियो टीम के साथ थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नीलम यादव की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के संबंध में, सोशल मीडिया प्लेटफार्म से संबंधित आवश्यक सावधानी बरतने, साइबर अपराध से बचने के संबंध में जागरूक किया गया। महिला हेल्पडेस्क, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति अभियान के तहत संचालित एण्टीरोमियों टीम द्वारा उपस्थित बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं/बालिकाओ को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे डायल 112, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 1076 के बारे में जानकारी दी गयी।

इसी क्रम मे जनपद के समस्त थानों में गठित एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुये विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों व थानों में स्थापित महिला हेल्पडस्क की जानकारी दी गयी।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

"परिवार परामर्श केन्द्र"

कमेटी ने 02 परिवारों को बिखरने से बचाया-

आज दिनाँक 08.09.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में "परिवार परामर्श केन्द्र" कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय की अध्यक्षता में प्रभारी महिला थाना उ0नि0 शिल्पी शुक्ला सहित समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें पारिवारिक विवाद वाले 04 मामलों को सुना गया, जिसमें परिवार परामर्श के सदस्यों की सूझबूझ से पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई, काउंसलिंग के फलस्वरूप 02 जोड़ा आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को हुए राजी। अन्य मामलें में अगली तारीख दी गई।

इस परिवार परामर्श के दौरान म0कां0 रेखा देवी, म0 का0 अर्चना देवी श्रीमती अंशू शिवहरे, श्रीमती नीतू पालीवाल, रामजी गुप्ता समाजसेवी श्री शरद तिवारी दाऊ, श्री शिवकुमार गोस्वामी, मो0 हनीफ आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 06 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलने वाले अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 08.09.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्र0नि0 श्री बलराम सिंह द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 उपेन्द्र सिंह द्वारा मु0 समदनगर से कुल 06 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से मालफड़ 6500 रू-/,जामातलाशी 3350 रू-/ व 52 अदद ताश पत्ता बरामद कर थाना स्थनीय पर मु0अ0सं0 391/2022 धारा 13 जुंआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री उपेन्द्र सिंह प्रभारी चौकी भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जिला महोबा
2.उ0नि0 श्री मलखान सिंह चौकी भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जिला महोबा
3.हे0का0 सुरेश कुमार 4.हे0का0 अनूप मिश्रा 5.का0 दीपेश कुमार

बरामदगी-

मालफड़ 6500 रू व जामातलाशी 3350 रू मय 52 अदद ताश पत्ता

गिरफ्तार अभियुक्त-

1.पंकज पुत्र प्रमोद कुमार साहू नि0मु0 बडीहाट थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा उम्र 23 वर्ष 2.विक्की पुत्र राजेन्द्र श्रीवास नि0मु0 हवेलीदरवाजा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा उम्र 23 वर्ष 3. रोहित पुत्र धनीराम श्रीवास नि0मु0 बडीहाट थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा उम्र 21 वर्ष 4.गजेन्द्र पुत्र बालादीन कुशवाहा उम्र 21 वर्ष नि0मु0 राठ चुंगी थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 5.इस्लामुद्दीन उर्फ सद्दाम पुत्र कुतुबुद्दीन नि0मु0 समदनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा उम्र 22 वर्ष 6. गोविन्द पुत्र श्याम विहारी अनुरागी नि0 जेल के पीछे सुभाषनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा उम्र 22 वर्ष

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने अवैध शराब सहित 02 अभियुक्ताओं को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के.गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अवैध शराब में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में दिनांक 08.09.2022 को थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह ने मय हमराही कर्म0गण की मदद से अबैध शराब विक्रय करते हुए 02 नफर अभियुक्ताओं 1. उषा पत्नी महीअर कबूतरा उम्र करीब 36 वर्ष 2. नीलू पत्नी संगम कबूतरा उम्र 30 वर्ष को मुढ़ारी कबूतरा डेरा से क्रमशः 01-01 अदद ड्रम में 180 -180 ली0 (कुल 360 लीटर) कच्ची देशी शराब नाजायज के साथ हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर क्रमशः मु0अ0सं0 248/2022 व 249/2022 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. आबकारी निरीक्षक योगेश कुमार 2.उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह
2.कां0 महेन्द्र सिंह यादव 4. हे0कां0 विक्रम

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. उषा पत्नी महीअर कबूतरा उम्र करीब 36 वर्ष निवासी मुढ़ारी कबूतरा डेरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
2. नीलू पत्नी संगम कबूतरा उम्र 30 वर्ष निवासी मुढ़ारी कबूतरा डेरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

बरामदगी-

कुल 360 लीटर देशी शराब नाजायज

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशानुसार जनपद के प्रमुख होटल/रिसोर्टों में क्षेत्राधिकारी चरखारी व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा फायर सेफ्टी का किया गया निरीक्षण।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 08.09.2022 को स्कीम-5 के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी चरखारी तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा अपने-अपने क्षेत्रांन्तर्गत स्थापित होटलों/रेस्टोरेंट/शॉपिंगमॉल/स्कूल/हॉस्पीटल का अग्निसुरक्षा के दृष्टिगत प्रतिष्ठानों में स्थापित अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का फायर ऑडिट किया गया जिसमें क्षेत्राधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठानों पर लगे फायर एक्सटिंगसरों की जांच की गयी व होटलों/शापिंगमॉल/स्कूलों में लगे फायर अलार्म सिस्टम व फायर एक्जिट की सम्बन्धी प्रबन्धों का निरीक्षण किया गया तथा अग्निशमन उपकरणों के संचालन, रख-रखाव के बारे में उपस्थित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया एवं आग से रोकथाम के उपाय बताए गए तथा होटल/रिसोर्टों में आकस्मिक फायर एक्जिट सम्बन्धी होटल में स्पष्ट निर्देशो को दर्शाने व प्रतिष्ठानों पर अग्निशमन उपकरणों की कमी को तुरंत पूर्ण करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्कूल वाहनों में अग्निशमन के पर्याप्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा सभी सम्बन्धित को फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.09.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।

आज दिनांक **08.09.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा आर0के0 गौतम के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस बल द्वारा संवेदनशील स्थानों एंव सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गस्त कर अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील। स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर **57** ई-चालान किये गये।

महोबा पुलिस

महोबा पुलिस